केन्द्रीय विद्यालय संगठन, बेंगलूरु संभाग

संकलित परीक्षा-II- 2014 मार्च

हिन्दी

कक्षा- नवीं

समय:**3 1/2** घंटें अधिकतम अंक :**100**

<u>सामान्य निर्देश</u>:

- कृपया जाँच करें की इस प्रश्न पत्र में **16** प्रश्न है |
- प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या अवश्य लिखें|
- इस प्रश्न पत्र के पाँच खंड है- क, ख, ग, घ, ड.
- पाँचों खण्डों के प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है |
- पाँचवाँ खंड विशेष रूप में ओ टी बी ए(मुक्त पाठाधारित मूल्यांकन) संबंधी प्रश्नों के लिए निर्धारित है |इनसे संबंधित आवश्यक पाठ्य सामग्री भी इस प्रश्न पत्र के साथ संलग्न है |
- यथा संभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए |

खंड- क

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर पूछे गए प्रश्नों का सही विकल्प चुनकर लिखिए | **1x5=5**

समस्याएँ वस्तुतः जीवन का पर्याय है | यदि समस्याएँ न हो, तो आदमी प्रायः अपने को निष्क्रिय समझने लगेगा | ये समस्याएँ वस्तुतः जीवन की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती हैं | समस्या को सुलझाते समय, उसका समाधान करते समय व्यक्ति का श्रेष्ठतम तत्व उभरकर आता है | धर्म, दर्शन, ज्ञान, मनोरंजन इन्हीं प्रयत्नों की देन हैं | पुराणों में अनेक कथाएँ यह शिक्षा देती हैं कि मनुष्य, जीवन की हर स्थिति में जीना सीखे व समस्या उत्पन्न होने पर

उसके समाधान के उपाय सोचे | जो व्यक्ति जितना उत्तरदायित्वपूर्ण कार्य करेगा, उतना ही उसके समक्ष समस्याएँ आएँगी और उनके परिप्रेक्ष्य में ही उसकी महानता का निर्धारण किया जाएगा | प्रत्येक संघर्ष के गर्भ में विजय निरीह रहती है | समस्त ग्रंथों और महापुरुषों के अनुभवों का निष्कर्ष यह है कि संघर्ष से डरना लौकिक व पारलौकिक सभी दृष्टियों से अहितकर है और अपने विकास को अनावश्यक रूप से बाधित करना है | आप जागिए, दृढ़-संकल्प और उत्साह एवं साहस के साथ संघर्ष रूपी विजय-रथ पर चढ़ जाएँ और अपने जीवन के विकास को बाधाओं रूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्त कीजिए | जो महत्वपूर्ण तथ्य स्मरणीय हैं-प्रत्येक समस्या अपने साथ संघर्ष लेकर आती है |

(i) मनुष्य का श्रेष्ठतम तत्व कब उभरकर सामने आता है ?

(क) समस्या में पड़कर

(ख) संघर्ष में पिसकर

(ग) समस्या को सुलझाते हुए

(घ) कर्म करते हुए

(ii) विजय का निवास कहाँ होता है?

(क) आकांक्षा में

(ख) लक्ष्य में

(ग) उत्साह में

(घ) संघर्ष में

(iii) 'निष्क्रिय' का विलोम लिखिए

(क) अक्रिय

(ख) प्रक्रिय

(ग) निष्काम

(घ) सक्रिय

(iv) 'संघर्ष-रूपी विजय रथ पर चढ़ते जाएँ' में कौन सा अलंकार है?

(क) उपमा

(ख) रूपक

(ग) उत्प्रेक्षा

(घ) मानवीकरण

(v) निम्नलिखित शीर्षकों में से गद्यांश के लिए उचित शीर्षक चुनिए |

(क) संघर्ष की समस्या

(ख) संघर्ष एक अभिशाप

(ग) संघर्ष : सफलता का आधार

(घ) जीवन एक संघर्ष

प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों का सही विकल्प चुनकर लिखिए | **1x5=5**

जीवन में अच्छा मित्र और अच्छा पड़ोसी सौभाग्य से ही मिलते हैं| अच्छा पड़ोसी मिल जाए तो जीवन का सफर एक-दूसरे के सुख-दुःख बाँटते हुए सरलता से तय हो जाता है | यदि पड़ोसी कटु, निष्ठुर और शक्की स्वभाव के मिल गए तो समझो प्रतिदिन लंका कांड या महाभारत हुई | इसके बाद मारपीट, पुलिस, थाना, कचहरी-जाना मुश्किल हो जाता है | मैं जिस क्षेत्र में रहता हूँ, उस क्षेत्र के सभी निवासी सरकारी कर्मचारी है | सभी लोग सुशिक्षित है | उनके रहन-सहन, उठने-बैठने तथा बातचीत करने के ढंग से सौम्यता टपकती है| सभी अपने-अपने कार्यों में व्यस्त रहते है | लेकिन जब भी वे अपने घरों से बाहर निकलते है तो परस्पर अभिवादन करना नहीं भूलते | अवसर मिलने पर कुछ न कुछ बातचीत अवश्य करते है | इस प्रकार

पारस्परिक संवाद प्रायः सभी में है | यह बात अलग है कि घर की स्त्रियों में प्रगाढ़ता कुछ अधिक दिखाई देती है | मेरे पड़ोसी का परिचय इस प्रकार है | मेरे सामनेवाले क्वार्टर में प्रवीण राय रहते हैं | ये बंगाली है | बड़े सौम्य और मृदुभाषी है | हम सभी मिलकर तीज-त्योहारों को हँसी-खुशी मनाते है | होली हो या दीवाली अथवा दुर्गा पूजा, दोनों पड़ोसी मिल-जुलकर बड़ी धूम-धाम से मनाते है | वास्तव में सच्चा और अच्छा पड़ोसी मिलना बहुत कुछ सौभाग्य पर तो निर्भर है ही, कुछ आपके अपने व्यवहार एवं स्वभाव पर भी आधारित है | हमें अच्छा पड़ोसी बनने का सदा प्रयास करना चाहिए |

(i) सुख-दुःख में समास है -

(क) द्विगु

(ख) द्वंद्व

(ग) तत्पुरुष

(घ) कर्मधारय

(ii) गद्यांश में 'प्रतिदिन लंका-कांड या महाभारत होने का' प्रतीक है-

(क) नित्य लड़ाई झगड़ा

(ख) प्रेम करना

(ग) निष्ठुरता

(घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) "पारस्परिक" का सही विकल्प होगा-

(क) परस्परा+इक

(ख) पारस्पर+इक

(ग) परस्पर+इक

(घ) पार+सपरिक

(iv) लेखक का पड़ोसी है -

(क) दुष्ट

(ख) वाचाल

(ग) सौम्य एवं मृदुभाषी

(घ) कर्मचारी

(v) अच्छा पड़ोसी मिलना निर्भर करता है-

(क) सौभाग्य पर

(ख) अपने व्यवहार पर

(ग) 'क' और 'ख' दोनों पर

(घ) किसी पर भी नहीं

प्रश्न 3. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों का सही विकल्प चुनकर लिखिए | **1x5=5**

अरे चाटते जूठे पत्ते जिस दिन मैंने देखा नर को
उस दिन सोचा: क्यों न लगा दूँ आज आग इस दुनिया-भर को ?
यह भी सोचा: क्यों न टेंटुआ घोंटा जाए स्वयं जगपति का ?
जिसने अपने ही स्वरूप को किया इस घृणित विकृति का |
जगपति कहाँ ? अरे, सदियों से वह तो हुआ राख की ढेरी;
वरना समता-संस्थापन में लग जाती क्या इतनी देरी ?
छोड़ आसरा अलख शक्ति का; रे नर,स्वयं जसपति तू है |
तू यदि जूठे पत्ते चाटे, तो मुझ पर लानत है, थू है !
ओ भिखमंगे, अरे पराजित, ओ मजलूम, अरे चिरदोहित,
तू अखंड भण्डार शक्ति का; जाग, अरे निद्रा-सम्मोहित,
प्राणों को तड़पाने वाली हुंकारों से जल-थल भर दे |
अनाचार के अंबारों में अपना ज्वलित पलीता भर दे |

(i) एक मनुष्य को जूठे पत्ते चाटते देखकर कवि के मन में यह विचार आया–

(क) वह मनुष्य को ललकारे और उसका सोता स्वाभिमान जगाए

(ख) वह सारी दुनिया में आग लगा दे

(ग) वह ईश्वर को ही भुला दे

(घ) वह ईश्वर से इस घटना के संबंध में बात करें |

(ii) कवि को ईश्वर से शिकायत है–

(क) वह गरीबों की दयनीय दशा देखकर भी चुप क्यों है ?

(ख) वह अमीर-गरीब का भेद-भाव क्यों नहीं मिटाता ?

(ग) उसने भेद-भाव से भरा यह संसार बनाया ही क्यों

(घ) वह गरीबों को भी अमीर क्यों नहीं बनाता ?

(iii) 'छोड़ आसरा अलख शक्ति का, रे नर, स्वयं जसपति तू है'– पंक्ति द्वारा निर्धन मनुष्य को यह प्रेरणा दी गई है--

(क) मनुष्य को अपनी शक्ति पर विश्वास नहीं करना चाहिए

(ख) व्यक्ति को ईश्वर के आसरे को छोड़कर अपनी शक्ति पर विश्वास करना चाहिए

(ग) व्यक्ति को कभी निराश नहीं होना चाहिए

(घ) व्यक्ति को सभी उम्मीद नहीं छोड़ना चाहिए |

(iv) कवि ने मनुष्य के सोए आत्मसम्मान को जाग्रत करने के लिए उसे किस-किस नामों से पुकारा है--

(क) भिखमंगा, पराजित, मजलूम, शोषित

(ख) पराजित, मजलूम, चिरदोहित, पीड़ित

(ग) मजलूम, चिरदोहित, भिखमंगा, शोषित

(घ) चिरदोहित, मजलूम, पराजित, भिखमंगा

(v) इस कविता का स्वर कैसा है?

(क) आशावादी

(ख) निराशावादी

(ग) समाजवादी

(घ) दार्शनिक

प्रश्न 4. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए उत्तर का सही विकल्प चुनिए | **1x5=5**

चलो गाँव की ओर, जहाँ पर हरे खेत लहराते,
मेड़ों पर है कृषक घूमते, सुख से विरहा गाते |
गेहूँ चना मटर जो सिर पर लेकर भार खड़े हैं,
बीच-बीच में प्रहरी जैसे दिखते वृक्ष अड़े है |
चलें गाँव की ओर, झोंपड़े जहाँ झुके धरती में,
तरू के नीचे खेल रहे हैं बच्चे निज मस्ती में |
कटी पर लिए गगरिया गोरी आती है बलखाती,
देख किसी गुरुजन को सम्मुख सहसा शरमा जाती |
चलें गाँव की ओर, उठ रहा जहाँ धुँआ लहराता,
थके कृषक को साँझ समय जो घर की ओर बुलाता |
रूखा-सूखा ही भोजन है, पर वह स्नेह सना है ,
इसीलिए तो तोष दे रहा, अमृत तुल्य बना है |

(i) खेतों में गेहूँ, चना मटर कैसे दिखाई देते है ?

(क) लहराते हुए

(ख) प्रहरी के समान

(ग) गाते हुए

(घ) बोझ लेकर खड़े हुए

(ii) युवतियाँ शरमा क्यों जाती है?

(क) किसी गुरुजन के सहसा सामने आ जाने के कारण

(ख) उनकी बलखाती चाल कोई देख लेता है

(ग) गाँव के लोग सामने आते है

(घ) अपनी मस्ती पर स्वयं लज्जित हो जाती है

(iii) किसान घर जाने को तत्पर क्यों हो जाता है?

(क) उठता हुआ धुँआ घर और भोजन की याद दिलाता है

(ख) शाम हो जाती है

(ग) धुँआ आग लगने का अंदेशा देता है

(घ) 'क' और 'ख' दोनों

(iv) रूखा-सूखा भोजन भी कृषक को संतुष्टि क्यों देता है?

(क) उसे तेज़ भूख लग रही होती है

(ख) भोजन स्नेहपूर्वक बना होता है

(ग) खाने में अमृत होता है

(घ) मेहनत के बाद सूखा भोजन भी अच्छा लगता है

(v) काव्यांश में आए लोक भाषा के दो शब्द हैं-

(क) प्रहरी, कृषक

(ख) मेड़, गगरिया

(ग) स्नेह, अमृत

(घ) गमकती, तोष

खंड-ख

प्रश्न 5. **1x4=4**

(i) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए--

(क) 'चढ़ाई' शब्द में निहित प्रत्यय को लिखिए

(ख) 'आलू' और 'मान' प्रत्ययों से एक-एक शब्द बनाइए |

(ग) 'अन्' और 'सु' उपसर्ग से एक-एक शब्द बनाइए |

(घ) 'अत्युत्तम' शब्द में उपसर्ग व मूल शब्द अलग-अलग कीजिए |

(ii) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए– **1x3=3**

(क)'दशानन' शब्द का विग्रह करके समास का नाम लिखिए।

(ख)'आचार-विचार' में कौन सा समास है ?

(ग)'यथासंभव' शब्द का विग्रह करके समास का नाम लिखिए

प्रश्न 6. (i)अर्थ की दृष्टि से वाक्यों के भेद बताइए– **1x4=4**

(क) मेरी पुस्तक उठाकर कौन ले आया ?

(ख) वह शास्त्रीय नृत्य नहीं जानती |

(ii) निर्देशानुसार बदलिए---

(क) वर्षा आएगी | (संदेहवाचक वाक्य में बदलिए)

(ख) यह अत्यंत सुन्दर दृश्य है | (विस्मय वाचक वाक्य में बदलिए)

प्रश्न 7. निम्नलिखित पद्यांशों में निहित अलंकारों के नाम लिखिए |

(क) चँवर सदृश डोल रहे सरसों के सर अनंत **1x4=4**

(ख) भाग्य-सागर की हिलोरे

(ग) काली घटा का घमंड घटा

(घ) विमल वाणी ने वीणा ली

खंड-ग

प्रश्न 8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए | **1x5=5**

टोपी आठ आने में मिल जाती है और जूते उस ज़माने में भी पाँच रुपए से कम में क्या मिलते होंगे | जूता हमेशा टोपी से कीमती रहा है | अब तो जूते की कीमत और बढ़ गई है और एक जूते पर पच्चीसों टोपियाँ न्योछावर होती है| तुम भी जूते और टोपी के आनुपातिक मूल्य के मारे हुए थे | यह विडम्बना मुझे इतनी तीव्रता से पहले कभी नहीं चुभी जितनी आज चुभ रही है,जब मैं तुम्हारा फटा जूता देख रहा हूँ | तुम महान कथाकार, उपन्यास-सम्राट, युग-प्रवर्तक, जाने क्या-क्या कहलाते थे, मगर फोटो में भी तुम्हारा जूता फटा हुआ है |

(i) यहाँ 'टोपी' का क्या आशय है?

(क) सिर की टोपी

(ख) अहंकार

(ग) सम्मान

(घ) ऊँचे लोग

(ii) 'जूते' का प्रतीकार्थ है-

(क) पाँव के जूते

(ख) गंदे लोग

(ग) नीची जाती

(घ) तुच्छ प्राणी

(iii) जूता हमेशा टोपी से कीमती रहा है–आशय है

(क) हमेशा तुच्छ लोगों को महान लोगों से अधिक महत्व मिलता है

(ख) हमेशा टोपी बाज़ार में सस्ती मिलती है

(ग) जूतों की कीमत अधिक होती है

(घ) हमें छोटे लोगों की कीमत पहचाननी चाहिए

(iv) प्रेमचंद के साथ क्या विडंबना रही ?

(क) वे जीवन भर उपेक्षित रहे

(ख) उन्हें सम्मान नहीं मिला

(ग) वे फटे जूते पहनते रहे

(घ)उन्हें धन नहीं मिला

(v) यहाँ तुम से क्या आशय है ?

(क) लेखक

(ख) प्रेमचंद

(ग) उपन्यासकार

(घ) हिंदी के कवि

अथवा

कानपुर में भीषण हत्याकांड के बाद अंग्रेज़ों का सैनिक दल बिठूर की ओर गया | बिठूर में नाना साहब का राजमहल लूट लिया गया; पर उसमें बहुत थोड़ी संपत्ति अंग्रेजों के हाथ लगी | इसके बाद अंग्रेज़ों ने तोप के गोले से नाना साहब का महल भस्म कर देने का निश्चय किया | सैनिक दल ने जब वहाँ तोपें लगाई, उस समय महल के बरामदे में एक अत्यंत सुन्दर बालिका आकर खड़ी हो गयी | उसे देखकर अंग्रेज़ सेनापति को बड़ा आश्चर्य हुआ, क्योंकि महल लूटने के समय वह बालिका वहाँ दिखाई न दी थी |

(i) अंग्रेजों के दल ने कानपुर में हत्याकांड क्यों किया ?

(क) नाना साहब को सम्मानित करने के लिए

(ख) 1857 के विद्रोह की सज़ा देने के लिए

(ग) गुंडों को मारने के लिए

(घ) कानपुर की रक्षा के लिए

(ii) नाना साहब का महल कहाँ स्थित था ?

(क) बिठूर में

(ख) कानपुर में

(ग) झांसी में

(घ) लखनऊ में

(iii) अत्यंत सुन्दर लड़की कौन थी ?

(क) स्वतन्त्रता देवी

(ख) नाना साहब की पत्नी

(ग) झांसी की रानी

(घ) नाना साहब की बेटी मैना

(iv) अंग्रेज़ सेनापति का नाम क्या था ?

(क) सर टामस हे

(ख) जनरल अउटरम

(ग) सर कर्ज़न

(घ) केनिंग

(v) बालिका महल को लूटते समय कहाँ थी ?

(क) महल के गुप्त स्थान पर

(ख) महल की छत पर

(ग) बाहर भाग गई थी

(घ) जंगल में छिप गई थी

प्रश्न 9. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए | **2X5=10**

(क) पर्दे के महत्व पर लेखक तथा प्रेमचंद की विचारधारा में क्या अंतर है?'प्रेमचंद के फटे जूते' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए|

(ख) बालिका मैना ने सेनापति 'हे' को कौन-कौन से तर्क देकर महल की रक्षा के लिए प्रेरित किया ?

(ग) जवारा के नवाब के साथ अपने पारिवारिक संबंधों को लेखिका ने आज के सन्दर्भ में स्वप्न जैसा क्यों कहा है ?

(घ)'मूक प्राणी' मनुष्य से कम संवेदनशील नहीं होते'-'एक कुत्ता और एक मैना' पाठ के आधार पर स्पष्ट करें |

(ड.) प्रेमचंद फोटो में मुस्कराकर क्या व्यंग्य कर रहे है ? प्रेमचंद के फटे जूते पाठ के आधार पर लिखिए |

प्रश्न 10.निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **1x5=5**

देख आया चन्द्र गहना |
देखता हूँ दृश्य अब मैं
मेड़ पर इस खेत की बैठा अकेला |
एक बीते के बराबर यह हरा ठिगना चना,
बाँधे मुरैठा शीश पर
छोटे गुलाबी फूल का,
सज कर खड़ा है |

(क) 'चन्द्र गहना' क्या है? कवि कहाँ बैठकर प्राकृतिक दृश्य देख रहा है?

(ख) कवि चने के पौधे को किस रूप में देखता है ?

(ग) खेत की मेड़ किसे कहा गया है ?

(घ) 'ठिगना' से क्या आशय है ?

(ड.) चने ने किस चीज़ का मुरैठा पहना हुआ है ?

अथवा

पर आज जिधर भी पैर करके सोओ

वही दक्षिण दिशा हो जाती है
सभी दिशाओं में यमराज के आलीशान महल है
और वे सभी में एक साथ
अपनी दहकती आँखों सहित विराजते है
माँ अब नहीं है
और यमराज की दिशा भी वह नहीं रही
जो माँ जानती थी |

(क) सब जगह दक्षिण दिशा होने का क्या तात्पर्य है ?

(ख) सभी दिशाओं में यमराज के आलीशान महल होने का क्या आशय है ?

(ग) माँ के समय और वर्तमान में क्या अंतर है ?

(घ) दहकती आँखें क्या व्यक्त करती है ?

(ड.) कवि और कविता का नाम लिखिए |

प्रश्न 11. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए | **2x5=10**

(क) बच्चों का काम पर जाना धरती के एक बड़े हादसे के समान क्यों है ?

(ख) मेघ रूपी मेहमान के आने से वातावरण में क्या परिवर्तन हुए?

(ग) काले माथे और सफेद पंखों वाली चिड़िया आपकी दृष्टि में किस प्रकार के व्यक्तित्व का प्रतीक हो सकती है? 'चन्द्र गहना से लौटती बेर' कविता के आधार पर लिखिए |

(घ) 'मेघ आए' कविता में लता ने बादल रूपी मेहमान को किस तरह देखा और क्यों ?

(ड.) कवि को दक्षिण दिशा पहचानने में कभी मुश्किल क्यों नहीं हुई?

प्रश्न 12. "रीढ़ की हड्डी" एकांकी का उद्देश्य है- भारतीय समाज में नारी-सम्मान और नारी शिक्षा को अग्र स्थान दिलाना | समाज में महिलाओं को उचित गरिमा दिलाने हेतु आप कौन-कौन से प्रयास कर सकते है ? **5**

अथवा

विस्थापन की समस्या मानव जीवन को अस्त-व्यस्त कर देती है | 'माटीवाली' कहानी के आधार पर विस्थापन की समस्या और इसके समाधान पर अपने विचार प्रकट कीजिए |

खंड-घ

प्रश्न 13. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 200-250 शब्दों में किसी एक विषय पर निबंध लिखिए | 10

(क) **नारी--शिक्षा**

संकेत बिंदु: नारी शिक्षा का प्रसार–आज़ाद भारत में नारी के बढ़ते कदम–प्रगति के कार्यक्षेत्र–आर्थिक, सामाजिक सुरक्षा आदि–उपसंहार

(ख) **महँगाई की मार अथवा महँगाई एक समस्या**

संकेत बिंदु: प्रस्तावना–महँगाई के कारण–समाज पर प्रभाव–रोकने का उपाय–उपसंहार

(ग) **परहित सरिस धर्म नहिं भाई (परोपकार)**

संकेत बिंदु: प्रस्तावना–प्रकृति और परोपकार–परोपकार के उदाहरण–परोपकार के विभिन्न रूप–परोपकार का जीवन में महत्व

प्रश्न 14. अपने छोटे भाई को इस आशय से पत्र लिखिए कि वह पढ़ाई में मन लगाकर प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रयत्न करें |

अथवा **5**

गत दिनों से आपके क्षेत्र में अपराध बढ़ने लगे है | आए दिन चोरी और औरतों की चैन खींचने की घटनाएँ बढ़ रही हैं | उनकी रोकथाम के लिए अपने क्षेत्र के थाना अधिकारी को पत्र लिखिए |

प्रश्न 15. आपके विद्यालय में 10 दिसंबर 2013 को विद्यालय वार्षिकोत्सव मनाया गया | इस पर एक प्रतिवेदन लिखिए | **5**

खंड- 'ङ'

मुक्त पाठाधारित मूल्यांकन (ओ टी बी ए) विषय पर आधारित विशेष प्रश्न-खंड **5x2=10**

प्रश्न 16 Theme-I (बाल मज़दूरी) (5+5)

(a) **कैसे कहा जा सकता है कि भारत में बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों में वृद्धि हुई है? आँकड़ों का अध्ययन–विश्लेषण कर** उत्तर **दीजिए और इसे कम करने के दो सुझाव भी दीजिए।**

(b) **'शिक्षा का अधिकार' कानून होने के बावजूद अनेक लड़के–लड़कियाँ पढ़ने की उम्र में मज़दूरी करते हैं और परिवार की आमदनी में योगदान देते हैं। उन्हें स्कूल भेजने से परिवार की आमदनी घटती है। आपके विचार से इसका समाधान** क्या **हो सकता है? तर्कपूर्ण** उत्तर **दीजिए।**